ब्रेन स्ट्रोक के इलाज में कैरोटिड एन्जियोप्लास्टी है वरदान

श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बरेली ने ब्रेन स्ट्रोक के इलाज में उपयोग की जाने वाली नवीनतम टैक्नोलॉजी (डी.एस.ए लैब) द्वारा दिमाग की नस में कैरोटिड एन्जियोप्लास्टी करके स्टंट का सफल

बरेली क्षेत्र में पहली बार प्रारम्भ हुई कैरोटिड एन्जियोप्लास्टी की सुविधा

प्रत्यारोपण की सुविधा प्रारम्भ की। यह इलाज रूहेलखण्ड एवं कुमायूं क्षेत्र में पहली बार किया गया। इलाज के बाद मरीज पूर्णतया स्वस्थ हो जाता है। संस्थान में पहली कैरोटिड एन्जियोप्लास्टी 10 अगस्त को इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ0 दीप पंत ने की तथा इस प्रोसिजर में डॉ0 अभिषेक शुक्ला (इंटरवेशनल कार्डियोलॉजिस्ट) ने साथ दिया। डॉ0



दीप पंत ने बताया कि उक्त मरीज काफी समय से इस बीमारी से पीड़ित था। इस बीमारी के कारण उसकी दिमाग की नस बाधित हो जाने के कारण खून का संचार कम हो गया था और इस वजह से मरीज के बांये आंख की रौशनी खतरे में पड़ गयी थी। कैरोटिड एन्जियोप्लास्टी करने के बाद मरीज की समस्या का पूर्ण निदान हो गया है।

संस्थान के निदेशक श्री आदित्य मूर्ति ने बताया कि अस्पताल में बड़े डिटैक्टर की अत्याधुनिक डी.एस.ए. लैब स्थापित की जा चुकी है जिससे शरीर के सभी हिस्सों



के इंटरवेंशनल /वसकुलर प्रोसिजर तथा एन्जियोप्लास्टी की जा सकेंगी। यह डी.एस.ए. लैब रूहेलखण्ड एवं कुमांयू क्षेत्र की पहली लैब है। इस सुविधा के प्रारम्भ हो जाने से स्ट्रोक/लकवा के मरीजों को अत्यंत राहत मिलेगी और उन्हें समय रहते बचाया जा सकेगा।

डॉ0 दीप पंत
एम.डी.डी.एम.,
इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट

डॉ0 अभिषेक शुक्ला
एम.डी.डी.एम.,
इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट

श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज बरेली